Class 7 – Hindi (Revision Test – Part 2)

Quiz Abhyaas (7th – 13th August 2021)

Student Name: __________________; School Code: ____________________; Class: ____________

प्र 1. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द से वाक्य को पूरा कीजिए: हम एक _____________ देश के नागरिक हैं।

1. उन्नतशील 2. उन्नतीशील 3. उन्नतिशील 4. उन्नतिसील

प्र 2. शीला मेरी दोस्त है। ___ माताजी बीमार हैं।

1. उनके 2. तुम्हारी 3. वह 4. उसकी

प्र 3. इस बात को वह न तो समझा सकता है और न ही बोल सकता है। दिये गए वाक्य को भूतकाल में परिवर्तित कीजिए।

1. इस बात को वह न तो समझा सकता था और न ही बोल सकता था।
2. इस बात को वह न तो समझा सका और न ही बोल सका।
3. इस बात को वह न तो समझा सकता था और न ही बोल सका।
4. इस बात को वह न तो समझा सका था और न ही बोल सका था।

प्र 4. वह एक बहुत ही परिश्रमी लड़का है। 'परिश्रमी' शब्द के विलोम शब्द को पहचानिए।

1. आलस 2. मेहनती 3. उद्यमी 4. आलसी

यात्रा एक पत्र की

मैं एक पत्र हूँ। लक्ष्मी ने मुझे अपनी सहेली कविता को लिखा। लक्ष्मी ने मुझे बड़े प्यार से लिखा और एक लिफाफे में डाला। लिफाफे पर उसने कविता का दिल्ली वाला पता लिखा और दस रुपये का डाक टिकट लगाकर मुझे डाक डिब्बे में डाल दिया। इसके बाद डाकिया ने मुझे बहुत सारे अन्य पत्रों के साथ एक बड़ी सी थैली में डाला। फिर मैं डाकिया की साइकिल पर सवारी करके डाक घर पहुंचा। डाक घर में डाकिया ने मुझपर मैसूर शहर का टिकट लगाया जहाँ से लक्ष्मी ने मुझे लिखा था। फिर लाल रंग के डाक गाड़ी में बैठकर मैं रेलवे स्टेशन पहुंचा। तीन दिन की लम्बी रेल यात्रा के बाद मैं दिल्ली पहुंचा। दिल्ली के डाकिया ने अब मुझे कविता के घर पहुंचा दिया है। मैं बड़े उत्साह से उस घड़ी की राह देख रहा हूँ जब मैं कविता को वह सारी बातें बताऊँ जो उसकी सहेली लक्ष्मी उसे बताना चाहती है।



प्र 5. अनुच्छेद में दी गयी जानकारी के अनुसार किसी पत्र को अपने निर्धारित स्थान पर पहुँचने के लिए क्या करना जरूरी है?

1. सन्देश को काली स्याही से लिखना।
2. पत्र को दस दिन पहले डाक डिब्बे में डालना।
3. पत्र में लम्बा सन्देश लिखना।
4. पत्र पर डाक टिकट लगाना।

प्र 6. पत्र ने रेलगाड़ी में तीन दिन की लम्बी यात्रा क्यों तय की?

1. क्योंकि डाकिये ने उसे गलत थैली में डाला था। 2. क्योंकि रेलगाड़ी में पत्र सुरक्षित था।
3 क्योंकि मैसूर से दिल्ली का सफ़र लम्बा था। 4. क्योंकि डाकिया खुद रेलगाड़ी से दिल्ली जाना चाहता था।

प्र 7. पत्र को किस बात की बेहद ख़ुशी है?

1. उसने 3 दिन की रेल यात्रा की। 2. वह डाकिया की साइकिल पर सवार हुआ।
3. वह मैसूर से दिल्ली आया। 4. वह अब कविता को लक्ष्मी का संदेश पहुँचाएगा।

प्र 8. सूरज एक मेहनती लड़का है। वह गाड़ी के मैकेनिक का काम करता है। उसका काम कठिन परिश्रम वाला है, लेकिन वह बिना किसी परेशानी के उसे पूरा कर लेता है। 'मेहनत' शब्द से मिलता जुलता शब्द चुनें।

1. परेशानी 2. परिश्रम 3. कठिन 4. मैकेनिक

प्र 9. "पुत्र के वीरगति प्राप्त होने पर भी रानी विचलित नहीं हुई।" वाक्य को सर्वनाम का प्रयोग कर बनाए गए सही वाक्य की पहचान कीजिए।

1. उसके वीरगति प्राप्त होने पर भी विचलित नहीं हुई। 2. वह वीरगति प्राप्त होने पर भी विचलित नहीं हुई।
3. पुत्र के वीरगति प्राप्त होने पर भी वह विचलित नहीं हुई। 4. वीरगति प्राप्त होने पर भी वह विचलित नहीं हुई।

प्र 10. 'पुत्र' शब्द में उपसर्ग जोड़कर बने सही शब्द को चुनिए।

1. सुपुत्र 2. पुत्रवधू 3. पुत्रहीन 4. पुत्रविहीन

खेल हमारे जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। चाहे वह बच्चा हो या जवान या बुजुर्ग सभी को खेलना अच्छा लगता है। खेलों से स्वस्थ शरीर एवं मन स्वथ्य रहता है। खेलने से हमारे शरीर में स्फूर्ति और ताजगी आती है। यह एक प्रकार का व्यायाम भी है, जो हमारे शरीर को मजबूत और सुगठित बनाता है।

खेल दो प्रकार के होते हैं-बाहरी और भीतरी। अर्थात घर के बाहर खुले मैदान में खेले जाने वाले खेल तथा घर के अंदर खेले जाने वाले खेल। घर के अंदर खेले जाने वाले खेलों में शतरंज, कैरमबोर्ड, लूडो, साँप-सीढी आदि कई प्रकार के खेल आते हैं। कैरमबोर्ड, शतरंज, लूडो जैसे खेलों से हमारा मानसिक विकास होता है।

घर के बाहर खुले मैदान में खेले जाने वाले खेल जैसे फुटबॉल, क्रिकेट, टेनिस, कबड्डी, हॉकी, बास्केटबॉल, गोल्फ आदि हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। इन खेलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रियता के साथ खेला जा रहा है।

खेलने वाला व्यक्ति कुछ देर के लिए संसार के सारे झंझटों को भूल जाता है, वह निश्चिंत हो जाता है। इससे काम करने की शक्ति बढ़ती है तथा हमें समूह में काम करने की आदत पड़ती है। खेलों से हमारे अंदर आत्मविश्वास, सहयोग, अनुशासन, साहस, एकता आदि मानवीय गुणों का भी विकास होता है। हमें नए-नए लोगों से मिलने और समझने का अवसर मिलता है।

आज खेल-जगत में प्रसिद्धि के साथ-साथ धन भी खूब कमाया जा रहा है। इसलिए शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हमारे जीवन में खेलों का बहुत अधिक महत्त्व है।

प्र 11. दिये गए गद्यांश के अनुसार खेल हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं?

1. खेल हमारी जरूरत है।
2. कुछ खेल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जा सकते हैं।
3. हम खेलों को घर के बाहर खुले मैदान में तथा घर के अंदर भी खेल सकते हैं।
4. खेल हमारे शरीर एवं मन को स्वथ्य रखते हैं।

प्र 12. निम्न में से कौन से खेल घर के बाहर खुले मैदानों में खेले जाते हैं?

1. कैरमबोर्ड, शतरंज, बास्केटबॉल, गोल्फ
2. कबड्डी, हॉकी, बास्केटबॉल, गोल्फ
3. बास्केटबॉल, गोल्फ, शतरंज, टेनिस
4. लूडो, साँप-सीढी, फुटबॉल, क्रिकेट

प्र 13. निम्न में से कौन सा कथन खेलों के बारे में सही नहीं है?

1. खेल एक प्रकार के व्यायाम भी हैं।
2. खेल हमारे मानसिक विकास में मदद करते हैं।
3. खेलों को न खेलने से शरीर कमजोर हो जाता है।
4. खेल दो प्रकार के होते हैं।

प्र 14. दिये गए गद्यांश में किस शब्द का अर्थ 'बेफ़िक्र' है?

1. अनुशासन
2. स्फूर्ति
3. निश्चिंत
4. झंझट

प्र 15. दिये गए विकल्पों में से विपरीतार्थी युग्म शब्द की पहचान कीजिए।

1. आत्मविश्वास और अनुशासन 2. मजबूत और सुगठित 3. स्फूर्ति और ताजगी 4. बाहरी और भीतरी

प्र 16. खेल किस प्रकार समूह में काम करने की आदत डालने में मदद करते हैं?

1. लोगों से मिलने और समझने तथा सहयोग के अवसर प्रदान कर
2. प्रसिद्धि के साथ-साथ धन कमाने के अवसर प्रदान कर
3. शारीरिक और मानसिक विकास में मदद कर
4. परेशानियों और चिंताओं को भूलने में मदद कर

प्र 17. सही विराम चिन्ह वाले वाक्य की पहचान कीजिए।

1. बेटा, तू यहाँ घूमने आता है या सेवा करने! 2. बेटा! तू यहाँ घूमने आता है या सेवा करने?

3. बेटा, तू यहाँ घूमने आता है या सेवा करने। 4. बेटा तू यहाँ घूमने आता है या सेवा करने!

प्र 18. "लक्ष्मीबाई ने युद्ध में अंग्रेज़ों के दांत खट्टे कर दिए।" दिए गए मुहावरे का अर्थ बताइये।

1. घायल कर देना 2. दुविधा में डालना 3. भगा देना 4. पराजित करना